लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2414

01 अगस्त, 2016 को उत्तर के लिए

इस्पात की खपत

2414. श्री कपिल मोरेश्वर पाटील:
श्री विजय कुमार हांसदाक:
श्री भरत सिंह:
श्री के. परसुरमन:

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में देश में प्रति व्यक्ति इस्पात की खपत कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने देश में इस्पात क्षेत्र को बढ़ावा देने/विकास हेतु कोई दीर्घकालिक स्कीम/योजना बनाई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं वर्तमान में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में अनुमानित मांग और आपूर्ति का अलग-अलग ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा देश में इस्पात की अनुमानित/भावी मांग को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए/ उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): वर्ष 2015-16 के दौरान देश में पूर्ण फिनिश्ड इस्पात की प्रति व्यक्ति खपत 61.9 किलोग्राम है।

(ख) और (ग): सरकार ने इस्पात क्षेत्र के दीर्घ कालीन विकास के लिए राष्ट्रीय इस्पात नीति 2005 बनाई है। वर्तमान में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में इस्पात का मांग और आपूर्ति नीचे विस्तार पूर्वक दी गई है:-

अवधि	कुल फिनिश्ड इस्पात (एमटी)			
	ब्रिकी हेतु उत्पादन			खपत
	सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल	
2015-16*	12.95	77.44	90.39	80.45
स्रोत: जेपीसी; * अनंतिम;				

(घ): भारत सरकार ने देश में इस्पात की अनुमानित/भावी मांगों को पूरा करने के लिए विभिन्न उपाय किये है। इनमें निम्नलिखित शामिल है:-

i) वर्ष 2015-16 के दौरान क्रूड इस्पात की 8.35 मिलियन टन अतिरिक्त क्षमता जोड़ी गई है।

ii) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने अपनी क्रूड इस्पात की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए आधुनिकीकरण एवं विस्तार योजना आरंभ की है।

iii) वर्ष 2025-26 तक 300 मीट्रिक टन वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता प्राप्त करने के लिए विनिर्माण संबंधी उच्च स्तरीय समिति (एचएलसीएम) की दिनांक 9 जुलाई 2013 को आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय के आधार पर स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) की एक अवधारणा विकसित की गई थी। एसपीवी रूट के जरिये केन्द्रीय और राज्य पीएसयू के सहयोग से एकीकृत इस्पात संयंत्रों की स्थापना हेतु खनिज पदार्थ से समृद्ध चार राज्यों नामश: छत्तीसगढ़, ओडिशा, कर्नाटक और झारखण्ड को अभिज्ञात किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में स्टील एसपीवी की स्थापना हेतु दिनांक 09.5.2015 को और झारखण्ड में स्थापना हेतु दिनांक 28.6.2015 को एमओयू हस्ताक्षरित किये गये है।

iv) एनएमडीसी लि० छत्तीसगढ़ के जगदलपुर जिले के नागरनार में 3.0 मीट्रिक टन प्रति वर्ष क्षमता वाले एक एकीकृत इस्पात संयंत्र की स्थापना कर रहा है।

***